>

Title: Regarding delayed supply of cooking gas to consumers in event of closed gas agencies.

श्री अशोक अर्गल (भिंड): माननीय अध्यक्ष महोदया, घरेलू गैस की कई जगह जो किल्लत है, उससे आम उपभोक्ता तक डीलरों द्वारा गैस को घर पर नहीं पहुँचाया जाता। जो एरिया मैनेजर बड़े बड़े शहरों में बैठते हैं, वे कभी उन इलाकों में नहीं जाते हैं, कभी उपभोक्ताओं से नहीं मिलते हैं कि क्या समस्या है गैस की। माननीय अध्यक्ष महोदया, कई जगह कोर्ट के आदेश से गैस की एजेन्सियाँ बंद हुई हैं लेकिन उनको दोबारा चालू नहीं किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र भिंड में, दतिया में एक एक एजेन्सी बंद है। एक एजेन्सी मुरैना में बंद है लेकिन उनके विकल्प के तौर पर कोई नई एजेन्सी नहीं खोली गई है।

अध्यक्ष महोदया : यह आप कौन सा मैटर उठा रहे हैं? जिस पर आपने नोटिस दिया है वह नहीं उठा रहे हैं।

श्री अशोक अर्गल : नोटिस क्या है?

अध्यक्ष महोदया : आप कुछ और मैटर उठा रहे हैं। आपका नोटिस सीजीएचएस से संबंधित है। It is regarding enhancement of fee from Rs. 18,000 to Rs. 60,000 for issuance of CGHS cards to ex-MPs.

श्री अशोक अर्गल : सॉरी अध्यक्ष जी।

अध्यक्ष महोदया : अब आप इसे बाद में उठाइएगा।